राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

हिंदी दिवस - 2024

प्रबंध निदेशक का सन्देश

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएं!

हमारी भाषा हमारे विचारों के साथ राष्ट्र के सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की संवाहिका के रूप में भूमिका निभाती है। भाषा समाज एवं राष्ट्र के विकास में आधार स्तम्भ का कार्य करती है और यदि भाषा हिन्दी जैसी सरल एवं सुगम हो तो समावेशी विकास के कार्य में सहायक सिद्ध होती है। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी ने भी कहा था कि, " राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की एकता और उन्नति के लिए आवश्यक है।" देश भाषायी विविधता एवं विभिन्न संस्कृतियों के होते हुए भी एकता के सूत्र में बंधा हुआ है। इस एकता के सूत्र को प्रगाढ़ करने में भाषा ने निश्चय ही एक सार्थक भूमिका निभाई है।

देश की स्वतंत्रता के पश्चात् संविधान सभा द्वारा 14 सितम्बर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में अंगीकार किया गया। इस शुभ अवसर को प्रत्येक वर्ष 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

मुझे हर्ष है कि प्रत्येक वर्ष की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय आवास बैंक के प्रधान कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में हिन्दी मास/पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के अंतर्गत बैंक द्वारा अधिकारियों को हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य अधिकारियों को मूलरूप से हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना है जिससे कि राजभाषा नीति की मूल भावना के अनुरूप ही प्रेरणा एवं प्रोत्साहन के साथ राजभाषा हिंदी के उत्तरोत्तर विकास में बैंक के अधिकारियों द्वारा योगदान दिया जा सके।

राजभाषा हिन्दी में कार्य करना न केवल हमारा संवैधानिक दायित्व है अपितु नैतिक दायित्व भी है। मैं आप सभी से इस अवसर पर यह अपील करूँगा कि आप सभी अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करें एवं अपना शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी भाषा में करें।

संजय शुक्ला
13/9/2024

(संजय शुक्ला)

भारत सरकार के अंतर्गत सांविधिक निकाय
कोर 5-ए, तीसरे से पांचवां तल, इंडिया हैबिटेट सैंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
दूरभाष : 011-3918 7000 फैक्स :011-2464 9030
वेबसाईट :www.nhb.org.in ई.मेल :ho@nhb.org.in

Statutory Body under the Government of India
Core 5-A, 3rd to 5th Floor, India Habitat Centre, Lodhi Road, New Delhi-110003
Phone : 011-3918 7000 Fax : 011-2464 9030
Website : www.nhb.org.in E-mail : ho@nhb.org.in

"बैंक हिन्दी में पत्राचार का स्वागत करता है"